आर.एन.आई. नं. 66224/95 Web.:-http://www.janbazpatrika.com
Mob: 8829013340, 9079030243 Ph., Fax- 0744-2410641, E-Mail: janbazpatrika@gmail.com

# जाँबाज पत्रिका



वर्ष 30 अंक 38 महानगर संस्करण कोटा (राजस्थान) शनिवार 15 फरवरी 2025 पोस्टल रजि. RJ/SR/21-81/2003-2005 पृष्ठ 4 मूल्य 2 रूपये

## क्या राजीव गांधी युवा मित्रों को फिर से मिलेगा रोजगार ?

### अशोक गहलोत ने भजनलाल सरकार से की ये मांग

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बीजेपी की भजनलाल सरकार द्वारा शुरू की गई च्अटल युवा प्रेरक योजनाज् में च्राजीव गांधी युवा मित्रोंज् को भी शामिल करने की मांग की है। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट कर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से इस मामले पर पुनर्विचार करने की अपील की। बता दें, गहलोत की इस मांग के बाद फिर से राजीव गांधी युवा मित्रों का आंदोलन तेज हो सकता है। **गहलोत ने सरकार से की समायोजन की मांग** दरअसल, राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि अटल युवा प्रेरकों में राजीव गांधी युवा मित्रों को भी शामिल करे सरकारज्हमारी सरकार द्वारा राज्य सरकार की योजनाओं को प्रदेश के घर-घर तक पहुंचाने के लिए राजीव गांधी युवा मित्रों को इंटर्न के तौर पर लगाया था। इन युवा मित्रों ने अच्छा काम किया और योजनाओं के बारे में आमजन जागरुक हुआ। महंगाई राहत कैंपों में भी इनकी सेवाएं सराहनीय रहीं। भाजपा सरकार ने आते ही अकारण ही इनकी सेवाएं समाप्त कर दीं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने राजीव गांधी के नाम से योजना बनाई थी जिस पर आपको आपत्ति थी। अब श्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर राज्य सरकार अटल प्रेरकों की भर्ती कर रही है जिनका काम भी योजनाओं के प्रचार-प्रसार का रहेगा। हमें इस पर कोई ऐतराज नहीं है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को इन युवा मित्रों को राहत देते हुए इस प्रेरक भर्ती में इन युवा मित्रों को समायोजित करना चाहिए जिससे बेरोजगारी के इस भीषण दौर में इन युवाओं को राहत मिल सके। **क्या है अटल युवा प्रेरक योजना?** बताते चलें कि भाजपा सरकार ने च्अटल सेवा प्रेरक भर्ती 2025ज् के तहत 11,000 अटल प्रेरकों की नियुक्ति की घोषणा की है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यह योजना युवाओं को रोजगार देने और पंचायत स्तर पर सरकारी योजनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने के उद्देश्य से शुरू की है। इसके अंतर्गत पंचायत स्तर पर अटल सेवा केंद्र और ई-लाइब्रेरी की स्थापना की जाएगी। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और अन्य सुविधाओं के लिए युवाओं को संसाधन मिलेंगे। बता दें, सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार में अटल प्रेरकों की भूमिका अहम होगी।

## खेत की ऑनलाइल गिरदावरी करना पटवारी यो का बना सिरदर्द

**जाँबाज न्यूज कोटा।** नैनवा सरकार के आदेश अनुसार इस बार खेत की गिरदावरी मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से ऑनलाइन की जा रही हैं जिसमें कई प्रकार की समस्याएं आ रही हैं हमारे संवाददाता के द्वारा नीमखेड़ा पटवार मंडल के वर्तमान पटवारी मुकेश सैनी जी से वार्तालाप करने पर बताया गया कि इस बार खेत की गिरदावरी मोबाइल एप्लीकेशन के जरिए की जा रही है जिसमें गिरदावरी करने हेतु हमें खुद किसान के खेत पर जाना पड़ता है जिसमें हमारे सामने कई प्रकार की समस्या आ रही है काश्तकारों द्वारा खेत के चारों तरफ तारबंदी ओर झटका मशीन लगा रखी है। जिससे एक खसरे से दुसरे में जाने हेतु जान जोखिम में डालना पड़ रहा है कई किसानों के द्वारा तो अपने खेत पर तारबन्दी करके ताला लगा रखा है सर्वेयर द्वारा गिरदावरी करने पर काश्तकार मना कर देता है। गिरदावरी करते समय राजस्थान सरकार द्वारा विकसित किया हुआ (राज.


पानी से गुजरते हुए पटवारी

खसरा गिरदावरी ऐप) नो डाटा फाउन्ड लोकेशन में होने के बाद भी कहीं मिली दूर बता देता हैं कहीं खसरो के लिए मैप अपडेट इन प्रोग्रेस दिखता है पटवारी जी के द्वारा गांवों में गिरदावरी करने हेतु सर्वेयर नियुक्त किए गये है लेकिन पर खसरे दस रूपए में कोई भी सर्वेयर मेहनत से काम करना नहीं चाहत पटवारी जी के द्वारा बताया गया कि हमारे नीमखेड़ा पटवार मंडल में बांसी हीरापुर दो गांव तो ऐसे भी हैं जहा नेटवर्क बिल्कुल ही नहीं चलता तो वहां पर ऑनलाइन गिरदावरी करना असंभव है कोटडी ग्राम में इंद्राणी बांध का पानी होने के कारण एक खसरे से दूसरे खसरे में जाने के लिए पानी से होकर गुजरना पड़ता है कई बार तो गिर भी जाते हैं ऐसी समस्या आने के बाद भी हमारा काम निरंतर जारी है इसके अलावा सरकार के द्वारा लाभकारी योजनाएं चलाई जा रही है जैसे खाद्य सुरक्षा इंदिरा आवास जैसी योजनाओं में हमारे साइन करवाने हेतु किसान इधर से उधर घूमते रहते हैं और उनका कॉल आने के बाद हमारा काम वही रुक जाता है और दोबारा फिर से करना पड़ता है ।

। ऐसी समस्याओं के लिए सरकार के द्वारा कुछ गिरदावरी ऐप में अपडेशन करना चाहिए और ऐसी जगह जहां पर नेटवर्क नहीं आते वहां पर ऑफलाइन गिरदावरी लागू करवानी चाहिए जिससे किसानों को अपने लाभकारी योजनाओं में फायदा मिल सके।।

## शादी समारोह में बजने वाले ध्वनि यंत्रों से परेशान हैं आवासीय कॉलोनियों के आमजन

### जिला प्रशासन द्वारा नहीं की जा रही कार्यवाही ध्वनि यंत्रों पर रोक लगवाने की

**जाँबाज न्यूज कोटा।** शिक्षा नगरी में नगर निगम कोटा उत्तर एवं दक्षिण के फायर अनुभाग ने संयुक्त टीम बनाकर के बहुमंजिला इमारतों समेत कई निर्माणाधीन इमारतों का निरीक्षण किया जा रहा है सुरक्षा की दृष्टि से अगर देखा जाए तो हमारे कोटा शहर में बड़े-बड़े मैरिज गार्डन एवं रिसोर्ट है उनके अंदर हजारों की संख्या में शादी-ब्याह के दौरान उत्सव के रूप में लोग शामिल होते है । विशेषतः हमारी आमजन की समस्या या किसी तरह की जनहानि होने पर ही प्रशासन उसकी तरफ ध्यान देता है अगर पहले से ही इन पर विचार किया जावे तो कहीं बड़ी घटनाओं से बचाव के कारण सामने आते है । जो मैं पत्रिका के माध्यम से जिला प्रशासन के सामने रखना चाह रहा हूं । रिसोर्ट के सामने कहीं पर भी पूर्ण रूप से पार्किंग की सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने के कारण रोड से गुजरने वालों के लिए जाम की स्थिति बन जाती है एवं इसके साथ ही रिसोर्ट में अग्निशमन से संबंधित कोई बचाव के उपकरण एवं सिस्टम उपलब्ध नहीं है अगर इनको पूर्ण रूप से चेक किया जाए तो कहीं भी कोई ऐसी बड़ी घटना घटने पर उसके बचाव का साधन नहीं है अगर इनको प्रॉपर जिला प्रशासन ध्यान दे कर के बिना किसी दबाव के अगर चेक किया जावे तो कोटा के 80 से 90 परसेंट मैरिज गार्डन एवं रिसोर्ट बिना सुरक्षा के चल रहे हैं। इनके पास स्कूल चलाने के अनुमति एवं अनुज्ञा पत्र भी नहीं है संबंधित थानों के अधीन ग़ैर तरीके चल रहे हैं उसमें पुलिस प्रशासन की लापरवाही बढ़ती जा रही है । बड़ी-बड़ी कॉलोनी के बीच में यह मैरिज गार्डन एवं रिसोर्ट बने हुए हैं लेकिन ध्वनि प्रदूषण एवं वहां से होने वाली गंदगी या झूठन उसको वही डाल दिया जाता है जिससे आसपास में रहने वाले लोगों को एवं आवारा जानवर फूड पोइजन के शिकार होकर के मर जाते हैं । और वहां की उस सड़ांध से आसपास रहने वालों के लिए वहां से निकलना और आसपास रहना दुबर हो जाता है यही हाल होता है ।

## कोटा संभाग के रोवर आदित्य शेखावत ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए शारजहां में भारत के सामुदायिक सेवा की प्रदर्शनी लगाकर सबका मनमोहा

**जाँबाज न्यूज बारां।** भारत स्काउट गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा दसवां इंटरनेशनल स्काउट गैदरिंग कार्यक्रम शारजहां में चयनित कोटा संभाग के रोवर आदित्य शेखावत ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए कार्यक्रम में तिरंगा लहराकर एवं भारत राष्ट्र में संचालित सामुदायिक सेवा प्रोजेक्ट एवं राजस्थान प्रदेश में चल रहे राष्ट्रीय ग्रीन कोर योजना की प्रदर्शनी लगाकर पूरे विश्व को भारत के स्काउट गाइड संगठन में किया जा रहे सेवा कार्यों सामुदायिक कार्यों एवं राजस्थान प्रदेश में पर्यावरण विषय पर विशेष कार्यों की जानकारी देने पर सभी विश्व के अन्य देशों ने प्रशंसा करते हुए कहा कि वास्तव में भारत देश में स्काउट संगठन समाज के लिए एक उपयोगी संगठन की भूमिका निभा रहा है।

## जेसीआई एलिगेंस महिलाओं द्वारा पुलवामा हमलें में शहीद जवानों को रक्तदान कर दी श्रद्धांजलि

**जाँबाज न्यूज कोटा।** पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों को टीम जीवनदाता, जेसीआई एलिगेंस, अमृत हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर महिलाओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान कर पुलवामा हमले में हुए शहीद जवानों को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की । एलिगेंस की अध्यक्ष गुंजीत जोहर व सचिव मनदीप साहनी,अस्पताल निदेशक रेणु मिश्रा ने बताया कि हम सभी का यह नैतिक दायित्व है कि हमारे जवानों को हम हमेशा याद करें, सरहद पर उनकी सलामती की दुआ करें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजकीय आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ



नित्यानंद शर्मा को आमंत्रित किया गया । डॉ नित्यानंद ने बताया कि पुलवामा हमले में जो जवान शहीद हुए उन्हें याद करने का रक्तदान एक अच्छा माध्यम है, ताकि हम किसी के जीवन को बचा सकें। सचिव ने कहा कि देशभक्ति दिखाने का जज्बा हम सभी में है लेकिन माध्यम नहीं मिलता, ऐसे में रक्तदान करना ही सच्ची सेवा और परोपकार का कार्य है। महावीर नगर विस्तार में आयोजित शिविर में 29 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। प्रोजेक्ट् डायरेक्टर तरुणा गुप्ता ने पति बेटे के साथ रक्तदान कर सेवा की मिसाल पेश की , वही अनुपमा सिस्टर ने अपनी दो बेटियों को रक्तदान करवाया । महिलाओं में रक्तदान करने वालो में डॉ पायल सरीन , कल्पना विजय , श्रुति सावलदिया, ज्योति सारा , नमिता श्रीवास्तव, निधि गुप्ता , श्वेता शर्मा सहित लगभग 12 महिलाओं ने रक्तदान कर देशभक्ति की मिसाल पेश की ।

## जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने फीता काट श्री अन्नपूर्णा रसोई का किया उद्घाटन

### श्री अन्नपूर्णा रसोई , भाजपा सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना - राकेश जैन

**जाँबाज न्यूज कोटा।** भाजपा कोटा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन के मुख्य आतिथ्य में तेजाजी चौक चौराहा सोगरिया में श्री अन्नपूर्णा रसोई का फीता काटकर उद्घाटन किया । जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने बताया की श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना भाजपा की राजस्थान सरकार द्वारा शुरू की गई एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य प्रदेश के गरीब, वंचित वर्ग के लोगों को अच्छा, स्वादिष्ट और पौष्टिक खाना उपलब्ध कराना है। इस योजना के तहत, लाभार्थियों को 8 रुपये में एक थाली में शुद्ध, ताजा और पौष्टिक भोजन दिया



जाता है, जिसमें दाल, चपाती, चावल/खिचड़ी और सब्जी शामिल है। आमजन को सम्मानपूर्वक एक स्थान पर बैठाकर भोजन कराया जाता है। श्री अन्नपूर्णा रसोई में आमजन बहुत ही कम राशी देकर भरपेट भोजन पाते है। रिक्शा चलाने वाले, ऑटो चलाने वाले, ठेले चलाने वाले या राहगीर सभी आमजन सरकार की इस योजना का लाभ ले रहे है। आज कार्यक्रम संयोजक अर्चना भार्गव ने इस श्री अन्नपूर्णा रसोई की शुरूआत की है। इस रसोई में गुणवत्ता एवं साफ - सफाई का विशेष ध्यान रखा जाएगा। राजस्थान सरकार की इस योजना से लोगों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। यहां प्रतिदिन प्रातःकाल नाश्ता, उसके उपरांत लोगों को भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। इससे पूर्व भी एक अन्नपूर्णा रसोई चल रही है। वहां भी गुणवत्तापूर्ण भोजन आमजन को उपलब्ध करवाया जा रहा है। इस अवसर पर राजेश शर्मा, बोरखेडा मण्डल अध्यक्ष मनोज गोस्वामी, स्टेशन मण्डल अध्यक्ष दिनेश सरसिया, पूर्व मण्डल अध्यक्ष पंकज वात्स्य, मुकेश मेघवाल, शीतलमल गोयल, साधना चौपडा सहित बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# एसएसआई एसोसिएशन कोटा ने की एमएसएमई औद्योगिक एक्सपो 2025 की घोषणा

## एमएसएमई औद्योगिक एक्सपो 2025- उद्यमियों के लिए विकास का नया मंच

**जाँबाज न्यूज कोटा।** एसएसआई एसोसिएशन कोटा द्वारा विशाल एक्सपो की महत्वपूर्ण घोषणा की गई है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के मार्गदर्शन में 1 से 3 मार्च तक दशहरा मैदान, कोटा में एमएसएमई औद्योगिक एक्सपो 2025 का आयोजन किया जाएगा। अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी ने बताया कि इस एक्सपो का उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला बिरला 1 मार्च को सुबह 10=30 बजे करेंगे।इसमें उद्यमियों, निवेशकों, उद्योग जगत के नेताओं, सरकारी प्रतिनिधियों और बड़े पैमाने के उद्योगों के प्रतिनिधियों सहित हजारों लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। देशभर के उद्यमियों की इस एक्सोपो में 500 से अधिक स्टॉल लगाई जाएगी। **स्टार्टअप और महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन** संस्थापक अध्यक्ष गोविंद राम मित्तल ने बताया कि एक्सपो में 100 नए स्टार्टअप और महिला उद्यमियों के लिए 100 विशेष स्टॉल की व्यवस्था की गई है। निर्वाचित अध्यक्ष मनोज राठी ने बताया कि स्टॉल बुकिंग के लिए दितिन गुप्ता,



अमनप्रीत सिंह, समीर सूद, नितेश माहेश्वरी, अक्षय सिंह, सारांश खंडेलवाल, सारांश गोयल, योगेश माहेश्वरी, सुदर्शन जैन, मुरली त्रिलोकवानी और शुभम मालपानी से संपर्क किया जा सकता है। पूर्व अध्यक्ष राजकुमार जैन ने भी अपने विचार व्यक्त किए। **समग्र विकास का मंच** प्रोजेक्ट संयोजक राकेश जैन ने बताया कि एक्सपो में एनएसआईसी, केवीआईसी, एपीडीए, हैंडलूम विभाग और हस्तशिल्प बोर्ड जैसे प्रमुख सरकारी विभाग भाग लेंगे। यहां उद्यमियों को नए उत्पादों के लिए कच्चे माल का आदान-प्रदान, समस्या निवारण शिविर और मोटिवेशनल कार्यक्रमों का लाभ मिलेगा। **एक्सपो के प्रमुख आकर्षण और भागीदारी** अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी ने कहा कि एमएसएमई एक्सपो 2025, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के एमएसएमई क्षेत्र के भीतर वृद्धि और विकास को बढ़ावा देने की उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उनका दृष्टिकोण एक मजबूत मंच बनाना है, जो न केवल एमएसएमई की ताकत और नवाचार को प्रदर्शित करे बल्कि बड़े आर्थिक परिदृश्य में उनके एकीकरण की सुविधा भी प्रदान करे। **विशेषज्ञों का मार्गदर्शन** एक्सपो में उद्योग विशेषज्ञों द्वारा कार्यशालाएं और सेमिनार आयोजित किए जाएंगे। इनमें एमएसएमई विकास, नवीन तकनीकें और व्यावसायिक अवसरों पर चर्चा होगी। सरकारी विभागों से जानकारी और संसाधनों तक पहुंच के साथ बड़े उद्योगों के अनुभवों का लाभ भी मिलेगा। यह एक्सपो एमएसएमई क्षेत्र के विकास और नवाचार को बढ़ावा देने के साथ-साथ उद्यमियों, निवेशकों और उद्योग जगत के बीच सहयोग का एक मजबूत मंच बनेगा।

**व्यापक प्रदर्शनी और सेमिनार का आयोजन** निर्वाचित अध्यक्ष मनोज राठी ने बताया कि एक्सपो में एक विविध प्रदर्शनी मंच होगा, जिसमें कोटा क्षेत्र और देशभर के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों से सैकड़ों एमएसएमई अपनी पेशकश प्रदर्शित करेंगे। उपस्थित लोग अत्याधुनिक समाधान, अद्वितीय उत्पाद और उभरते व्यवसाय मॉडल की खोज कर सकेंगे। विशेष रूप से, एक्सपो में हथकरघा विभाग, हस्तशिल्प बोर्ड, राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (एनएसआईसी), खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीईडीए) और विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) सहित प्रमुख सरकारी निकायों के समर्पित मंडप और स्टॉल भी होंगे। इसके अतिरिक्त, प्रमुख स्थानीय उद्योग अपनी विक्रेता विकास पहल के लिए एक्सपो का उपयोग करते हुए एक मजबूत उपस्थिति बनाएंगे।

# होली पर राष्ट्रीय बाल कविता प्रतियोगिता के प्रति अच्छा रुझान

**जाँबाज न्यूज कोटा।** होली पर राष्ट्रीय बाल कविता प्रतियोगिता के प्रति अच्छा रुझान देखने को मिल रहा है। राजस्थान सहित उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, ओडिशा राज्यों से अब तक 48 साहित्यकारों और बच्चों की कविताओं की प्रविष्टियां प्राप्त हो चुकी हैं। बाल साहित्य लेखन को बढ़ावा देने के लिए प्रतियोगिता का आयोजन संस्कृति, साहित्य, मीडिया फोरम कोटा एवं समरस संस्थान साहित्य सृजन भारत गांधीनगर की कोटा इकाई के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। इच्छुक प्रतियोगी टाइप की हुई अपनी प्रविष्ठि व्हाट्सअप नंबर 9413350242 अथवा 94146 61688 पर 28 फरवरी तक भेज सकते हैं। फोरम के संयोजक डॉ. प्रभात कुमार सिंघल ने बताया कि प्रतियोगिता 10 वर्ष आयु तक के बच्चें, 10 से 18 वर्ष आयु के किशोर बच्चें,19 से 35 वर्ष आयु के नवोदित युवा रचनाकार 35 वर्ष आयु से ऊपर महिला एवं पुरुष रचनाकार पांच वर्गों में आयोजित की जा रही है। प्रथम तीन वर्ग में जन्म तिथि का प्रमाण पत्र भेजना आवश्यक होगा।

सभी श्रेणियों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया जाएगा। प्राप्त रचनाओं का एक संकलन प्रकाशित किया जाएगा।

# सीआई राम रामलक्ष्मण गुर्जर ने ऑपरेशन नश्वर के तहत गांजा तस्कर को किया गिरफ्तार

**(के डी अब्बासी)**



**जाँबाज न्यूज कोटा।** कोटा सिटी एसपी डॉ. अमृता दुहन (आईपीएस) ने बताया की शहर के विभिन्न ईलाकों एंवम विशेषकर कोंचिग सस्थानों के पास अवैध मादक पदार्थो के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु चलाये गये विशेष अभियान ऑपरेशन नश्वर के तहत कार्यवाही करने के लिए समस्त थानाधिकारीगण को निर्देशित किया गया था, उक्त अभियान को सफल बनाने के क्रम में अति. पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी के निर्देशन एवं वृत्ताधिकारी वृत्त प्रथम योगेश शर्मा के सुपरविजन मे जवाहरनगर नगर थाना प्रभारी रामलक्ष्मण गुर्जर के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्यवाही करते हुये अवैध मादक पदार्थ गांजा 200 ग्राम सहित आरोपी दीपक सिंह खींची राजीव गांधी नगर में पानी की टंकी के पास से गिरफ्तार किया है। गठित टीम में जवाहर नगर थाना प्रभारी रामलक्ष्मण गुर्जर, सब इंस्पेक्टर गोपाल लाल,कांस्टेबल सुनील और नरेन्द्र शामिल थे।

# सेवा के क्षेत्र में कार्य करने के लिए युवाओं को अभिप्रेरित करें- जिला कलक्टर

**जाँबाज न्यूज झालावाड़।** माय भारत एक्सपीरियंशल लर्निंग प्रोग्राम के तहत युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने के लिए जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में शुक्रवार को मिनी सचिवालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने नेहरू युवा केन्द्र के अधिकारियों एवं स्टेक होल्डर्स से कहा कि झालावाड़ जिला सेवा भाव एवं सेवा के अवसरों से ओतप्रोत है। यहां के युवाओं से लेकर छात्र-छात्राएं बहुत प्रतिभाशाली होने के साथ-साथ समाज सेवा के लिए भी तत्पर रहते हैं, आवश्यकता है तो उन्हें एक मंच प्रदान करने की। उन्होंने कहा कि नेहरू युवा केन्द्र वही मंच है जो इस जिले के युवाओं को एक साथ जोड़कर समाजसेवा एवं जागरूकता संबंधी गतिविधियों में सहयोग देने का अवसर प्रदान कर सकता है। उन्होंने कहा कि एक्सपीरियंशल लर्निंग प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को सशक्त बनाना और समुदाय में करूणा और सेवा की संस्कृति को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि माय भारत की च्सेवा से सीखेंज् पहल के तहत माय भारत स्वयं सेवक अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवा, सहायता सहित कृषि, साइबर सुरक्षा, डाक विभाग, स्थानीय निकायों में आमजन के सहयोग हेतु अपनी सेवाएं देंगे। उन्होंने नेहरू युवा केन्द्र के अधिकारी से कहा कि जिले के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में नियमित रूप से समन्वय बनाकर इच्छुक युवाओं को नेहरू युवा केन्द्र के अभियानों के सफल संचालन हेतु स्वयं सेवक बनाएं।

# 10 दिवसीय आयुर्वेद शल्य चिकित्सा शिविर का कोयला में हुआ शुभारम्भ

**जाँबाज न्यूज बारां।** समीपवर्ती ग्राम पंचायत कोयला में 10 दिवसीय शल्य चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रधान मोरपाल सुमन, विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त निदेशक संभाग कोटा आयुर्वेद विभाग डॉ. मोहनलाल वर्मा, बारां उपनिदेशक डॉ. वीरेंद्र कुमार सोहया, सहायक निदेशक डॉ. अजय नागर व




शिविर प्रभारी डॉ. जितेंद्र सिंह हाडा थे। अध्यक्षता सरपंच पवन गौतम ने की। उद्घाटन समारोह क़ो सम्बोधित करते हुए अतिरिक्त निदेशक डॉ. मोहनलाल वर्मा ने शिविर में रोगियों को अधिक से अधिक लाभ लेने का आग्रह किया। साथ ही डॉक्टरों की टीम को सद्भावना से रोगियों को उपचारित करने का निर्देश प्रदान किया। संचालन आयुर्वेद चिकित्सा संघ अध्यक्ष डॉ. हेमराज सेन ने किया।शिविर प्रभारी डॉ. जितेन्द्र सिंह हाड़ा ने बताया कि समारोह में विभाग की ओर से शिविर के भामाशाहों को सम्मानित किया गया।

# अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ ने सहकारिता मंत्री से मिलकर जताया आभार

## भूमि विकास बैंकों को मिला 130 करोड़ का पुनर्वित्त, किसानों को मिलेगी राहत

**जाँबाज न्यूज कोटा।** राजस्थान की 36 जिला भूमि विकास बैंकों को 130 करोड़ रुपये का पुनर्वित्त स्वीकृत किया गया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए भूमि विकास बैंक कोटा के अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़ ने जयपुर प्रवास के दौरान सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दत्त से शिष्टाचार मुलाकात कर आभार व्यक्त किया। **कोटा जोन को मिला विशेष आवंटन** राठौड़ ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में कोटा जोन के अंतर्गत विभिन्न जिलों को ऋण वितरण के लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। कोटा भूमि विकास बैंक को 2 करोड़, झालावाड़ को 1 करोड़ तथा बूंदी व बारां को 50-50 लाख रुपये का लक्ष्य 31 मार्च 2025 तक के लिए आवंटित किया गया है।राज्य सरकार द्वारा ब्याज अनुदान दिए जाने के



परिणामस्वरूप भूमि विकास बैंकों द्वारा वितरित दीर्घकालीन कृषि ऋण मात्र 5.05 प्रतिशत और दीर्घकालीन अकृषि उत्पादक ऋण मात्र 7.05 प्रतिशत की ब्याज दर पर उपलब्ध होगा। राठौड़ ने कहा?कि राजस्थान में मात्र भूमि विकास बैंक ही न्यूनतम दरो पर किसानों को ऋण उपलब्ध करवाता है। **किसानों के लिए वरदा** ÷यह पुनर्वित्त स्वीकृति किसानों के लिए वरदान साबित होगी क्योंकि सबसे कम दरों से किसानों कृषि व अकृषि ऋण उपलबध होंगे। पिछले कई वर्षो से इन बैंकों को ऋण वितरण के लक्ष्य आवंटित नहीं किए जा रहे थे। राजस्थान राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक लिमिटेड, जयपुर की वार्षिक आमसभा में हमने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। माननीय लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, माननीय मुख्यमंत्री महोदय, माननीय सहकारिता मंत्री तथा प्रमुख शासन सचिव सहकारिता मंजू राजपाल के सक्रिय प्रयासों से नाबार्ड द्वारा यह ऋण पुनर्वित्त स्वीकृत किया गया है। इससे किसानों को कृषि विकास के लिए आवश्यक ।

# विद्या मन्दिर में मातृ-पितृ पूजन दिवस व पुलवामा के शहीदों को श्रृद्धांजलि कार्यक्रम सम्पन्न

**जाँबाज न्यूज नाहरगढ़।** विद्या भारती शिक्षा संस्थान बारां द्वारा संचालित आदर्श विद्या मन्दिर विद्यालय में सृष्टि रचनाकार भगवान विश्वकर्मा को याद करते हुए पुलवामा में शहीद हुए शहीदों को नमन तथा मातृ-पितृ पूजन दिवस का



आयोजन बालकों में राष्ट्रीय भाव, संस्कृति व संस्कारों का बीजारोपण करने हेतु किया।प्रचार प्रमुख प्रवीण साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय सेना के जवान जितेन्द्र नागर व मुख्य वक्ता प्रधानाचार्य सत्यनारायण पाँचाल ने अभिभावकों व भैया बहिनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सृष्टि रचनाकार भगवान विश्वकर्मा द्वारा सृष्टि का सृजन किया गया था जिसमें परिवार संचालन का दायित्व माता-पिता को दिया गया इसीलिए भारतीय संस्कृति में बालक का प्रथम गुरु माता पिता को माना जाता हैं। मातृ-पितृ पूजन दिवस का उद्देश्य बालकों में भारतीय संस्कृति को पुनर्जीवित कर परम्परा व संस्कारों का प्रतिपादन करना है।पुलवामा हमले में शहीद हुये भारत के वीर जाबांज सीआरपीएफ जवानों को याद करते हुए शहीद प्रतीक पर पुष्पांजलि से श्रृद्धांजलि अर्पित करते हुए भारतीय सेना के जवान जितेंद्र नागर ने अभिभावकों व भैया बहिनों को संबोधित कर कहा कि आज के दिन हमारे लिए एक भाव विभोर करने वाला दिन भी है जो वीर जवान हमारी रक्षा करने के लिए रात दिन सीमा पर खड़े रहते है उन वीर जवानों पर एक आतंकी संगठन द्वारा कायरता पूर्ण हमला कर दिया जाता है और उसमें हमारे जाबांज जवान शहीद हो जाते है उन शहीदों को हम हमेशा याद रखेंगे उन के परिवार वालो के प्रति संवेदना हमेशा रखेंगे। मातृ-पितृ पूजन दिवस कार्यक्रम में भैया बहिनों ने अपने माता-पिता को तिलक लगाकर चरण स्पर्श व आरती कर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम का संचालन इन्द्रराज नागर ने किया। विद्या मन्दिर के सभी आचार्य दीदी ने भाग लिया एवं अभिभावक गोष्ठी कर बालकों की शिक्षण सम्बंधित जानकारी सांझा कर सुझाव लिए।इस दौरान सुरेन्द्र नागर,आशु यादव, वर्षा साहू, पूजा वैष्णव,खुशी टेटवाल,सलोनी सेन,मीनाक्षी कुशवाहा, दिलकेश नागर ने सहभागिता की।आभार व शांति पाठ तथा भारतीय संस्कृति संरक्षण का संकल्प दिलाकर समापन किया गया। यह जानकारी विद्या भारती प्रचार विभाग द्वारा दी गई।

# मातृ-पितृ पूजन दिवस का भव्य आयोजन विद्यार्थियों ने किया माता-पिता का सम्मान

### माता-पिता की सेवा और उनकी आज्ञा का पालन ही संतान का सबसे बड़ा धम

**जाँबाज न्यूज कोटा।** भारतीय संस्कृति में माता-पिता को ईश्वर तुल्य सम्मान दिया गया है। इसी परंपरा को सजीव रखते हुए अकलंक उच्च माध्यमिक विद्यालय, रामपुरा में शुक्रवार को प्रातःकालीन सत्र में मातृ-पितृ पूजन दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में माता-पिता के प्रति आदर, प्रेम और कृतज्ञता की भावना विकसित करना था। **दीप प्रज्वलन और कार्यक्रम का शुभारंभ** कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्वलन और मंगलाचरण के साथ किया गया। इस अवसर पर अकलंक विद्यालय एसोसिएशन के अध्यक्ष पीयूष जैन बज, सचिव अनिमेष जैन तथा अन्य गणमान्य पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।



विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के माता-पिता का स्नेहपूर्ण स्वागत किया गया, जिससे वातावरण श्रद्धा और भावनात्मक ऊर्जा से भर गया। **विद्यार्थियों ने किया माता-पिता का सम्मान** प्रधानाचार्या महोदया ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता का तिलक कर उनके चरण स्पर्श किए और अपने हाथों से बनाए गए हस्त निर्मित कार्ड भेंट किए। बच्चों के इस प्रेमपूर्ण भाव को देखकर अभिभावक भावुक हो उठे और यह दृश्य अत्यंत हृदयस्पर्शी बन गया। इस अवसर पर बच्चों ने गीत, कविता, नाटक, योग और नैतिक मूल्यों पर आधारित नृत्य प्रस्तुत कर भारतीय संस्कृति के मूल्यों को सुदृढ़ किया। विशेष रूप से कक्षा एलकेजी के छोटे विद्यार्थियों ने अपने मासूम अंदाज में मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिसने सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों ने अपने माता-पिता के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की। अध्यक्ष पीयूष जैन बज, सचिव अनिमेष जैन ने सारगर्भित एवं प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि जिस प्रकार जल अपनी सम्पूर्ण शक्ति देकर किसी पौधे को सींचकर उसे वृक्ष का रूप देता है, उसी प्रकार अकलंक विद्यालय भी संस्कारों के माध्यम से बच्चों को समाज एवं देश के लिए सुसंस्कृत नागरिक बनाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने श्रवण कुमार और भगवान राम जैसे महान आदर्शों का उदाहरण देते हुए कहा कि माता-पिता की सेवा और उनकी आज्ञा का पालन ही संतान का सबसे बड़ा धर्म है। प्रधानाचार्या महोदया ने विद्यालय और अभिभावकों के आपसी संबंध को मजबूत बनाए रखने की बात कही, जिससे बच्चों का संपूर्ण विकास संभव हो सके।

# अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन के विद्यार्थियों का कॉलेज की पैथोलॉजी लैब भ्रमण



**जाँबाज न्यूज कोटा।** अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन के विद्यार्थियों ने अकलंक विद्यालय एसोसिएशन के अध्यक्ष पीयूष बज एवं सचिव अनिमेष जैन की अध्यक्षता में फैकल्टी सदस्य डॉ. रंजना गुप्ता और डॉ. सोनल सिंह के साथ पीएमसी अमेरिकन अस्पताल, इंद्रविहार की पैथोलॉजी लैब का भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों को लैब में उपस्थित चिकित्सकों और सहकर्मियों द्वारा विभिन्न प्रकार की जांच प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। **विभिन्न जांचों की जानकारी** विद्यार्थियों को बताया गया कि किस प्रकार विभिन्न रोगों के लिए रक्त और ऊतक के नमूने एकत्रित किए जाते हैं और उन्हें विभिन्न प्रक्रियाओं से गुजारकर स्लाइड तैयार की जाती है। इसके बाद माइक्रोस्कोप से नमूनों की जांच कर रिपोर्ट बनाई जाती है। सैंपलिंग के दौरान आवश्यक सावधानियों पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती है। इस दौरान रक्त परीक्षण की हीमोग्लोबिन, शुगर, लिपिड प्रोफाइल, टी3-टी4-ञ्स॥ की जांच, बायोप्सी ,माइक्रोबायोलॉजी टेस्ट ,बैक्टीरिया, वायरस और फंगल संक्रमण की पहचान,मूत्र परीक्षण,किडनी संबंधी समस्याएं, डायबिटीज और संक्रमण की जांच सहित गर्भावस्था परीक्षण गर्भधारण की पुष्टि के लिए मूत्र द्वारा जांच,सीरोलॉजी टेस्ट के अलावा, मूत्र परीक्षण प्रयोगशाला में विद्यार्थियों को मूत्र संग्रह विधि, परीक्षण प्रक्रिया और इससे संबंधित बीमारियों की जानकारी भी दी गई। प्रयोगशाला परिचारिका ने गर्भावस्था परीक्षण किट के उपयोग की प्रक्रिया को भी विस्तार से समझाया।

# विद्यालय के वार्षिकोत्सव महाकुंभ में प्रतिभाओं को किया सम्मानित

**जाँबाज न्यूज कोटा।** पुरोहित जी की टापरी स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का वार्षिकोत्सव महाकुम्भ उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व छात्र एवं भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भामाशाह श्रीमती पीतांबरा राजे एवं अध्यक्षता सीबीईओ रामचरण मीणा द्वारा की गई। जबकि विशिष्ट अतिथि राजश्री सिंह, कान्ति हाड़ा, क्षत्राणी वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष बृजराज सिंह, रेखा शेखावत रहे। अतिथियों द्वारा श्रेष्ठ अंकों से पास होने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर बालकृष्ण बांकेथी, जगदीश तिवारी, मोहनलाल बैरवा, धर्म सिंह मीणा उपस्थित मौजूद रहे। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कुसुमलता मीणा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। वार्षिकोत्सव में श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम हेतु गार्गी पुरस्कार प्राप्त विद्यार्थी नर्गिस बानो एवं टैबलेट प्राप्त करने वाले विद्यार्थी एवं बोर्ड परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थीयों को पुरस्कृत किया गया।

# कोला अहिरान में माता-पिता पूजन दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया



**(शाकिर खान)**

**जाँबाज न्यूज रामगंजमंडी।** रामगंजमंडी राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कोला अहिरान में माता-पिता पूजन दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, इस दौरान दिनेश मेघवाल कोला वाले भी मौजूद रहे दिनेश मेघवाल कोला वाले ने बताया कि माता-पिता पूजन दिवस को मातृ-पितृ पूजन दिवस के रूप में जाना जाता है, इसकी शुरुआत 2007 में वैलेंटाइन डे के विकल्प के रूप में की थी। यह हर साल 14 फरवरी को मनाया जाता है। यह माता और पिता के लिए संस्कृत शब्दों पर आधारित है। साथ ही मेघवाल ने बताया कि अक्टूबर 2024 में अंडर 14 वर्षीय बालक बालिकाओं के लिए 68वी जिला स्तरीय हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन कोटा में किया गया था जहां विद्यालय के बालक बालिकाओं द्वारा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कोला अहिरान सहित क्षेत्र का नाम रोशन करते हुए। तीसरा स्थान प्राप्त किया गया था।

# पुलवामा के शहीदों को दी श्रृद्धांजलि प्रेम नहीं देशप्रेम को समर्पित है 14 फरवरी !



**(कार्यालय संवाददाता)**

**जाँबाज न्यूज कोटा।** हिंदू शिवसेना युवा मोर्चा जिला प्रमुख विकास मंगल शुक्रवार को हिंदू शिव सेना की ओर से शहीद स्मारक पर पुलवामा हमले में शहीद हुए सैनिकों के श्रद्धांजलि दी गई। हिंदू शिव सेना युवा मोर्चा जिला प्रमुख विकास मंगल ने कहा कि भारत की युवा पीढ़ी के लिए 14 फरवरी मात्र वेलेंटाइन डे है जिसे वे प्रेम दिवस के रूप में मनाते हैं, जबकि यह हमारे वीर सैनिकों के बलिदान का दिवस है इसलिए हमें इसे प्रेम नहीं बल्कि देशप्रेम को समर्पित करते हुए शहादत को याद करना चाहिए। इस अवसर पर हिंदू शिवसेना प्रमुख बजरंग लाल सोलंकी, संभाग प्रचारक प्रमुख मुकेश भट्ट, जिला प्रभारी मनमोहन शर्मा ,युवा मोर्चा जिला प्रभारी राजू सोनी, कोटा जिला प्रमुख डॉक्टर रमेश प्रजापति, उप जिला प्रमुख सुमेर सिंह, कोटा जिला सचिव अनुराग विजय वर्गीय, जिला प्रचारक मनीष देव पाराशर, व्यवस्था प्रमुख सत्यनारायण मीणा, यतिन, देवराज, आशीष कई कार्यकर्ता मौजूद रहे!

# मेडिकल कॉलेज के किडनी ट्रांसप्लांट यूनिट के ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर की परामर्श से संपन्न हुआ नेत्रदान

**जाँबाज न्यूज कोटा।** कोटा पाटनपोल निवासी श्यामलाल नामा का आकस्मिक निधन मेडिकल कॉलेज के सुपर स्पेशलिस्ट विंग में हुआ। मरीज श्यामलाल गुरुवार को सुपर स्पेशलिस्ट विंग भर्ती हुए थे। किडनी ट्रांसप्लांट यूनिट के ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर अरविंद कुमार शर्मा एवं दीपिका अवस्थी ने नेत्रदान के लिए परिवार को प्रेरित किया। ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर की प्रेरणा से श्याम लाल के पुत्र नारायण लाल और उमाशंकर ने नेत्रदान की सहमति दे दी। ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर अरविंद शर्मा ने नेत्रदान की सूचना नेत्र विभाग के नेत्रदान सलाहकार भूपेंद्र सिंह हाड़ा को दी। आई बैंक के टिंकू औझा द्वारा श्याम लाल के नेत्र संकलित किए गए।



# वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ द्वारा स्व.श्री केशव एच कुलकर्णी की स्मृति में छठवीं रेलवे अन्तर्विभागीय प्रतियोगिता का आज छठा दिन था




**जाँबाज न्यूज कोटा।** खेलकूद सचिव अजय चंदावत एवं भूपेंद्र धाकड़ ने बताया कि वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ के बैनर तले अन्तर्विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसका आज छठा दिन था। आज मुख्य अतिथि श्री अनीस अहमद डिप्टी एसपी (एसीबी) मौजूद रहे। आज खेले गए तीसरे क्वार्टर फाइनल मुकाबले में वर्कशॉप की टीम टीआरओ 11 से भीड़ी इस एक तरफा मुकाबले में वर्कशॉप की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 166 रन का लक्ष्य खड़ा किया जिसके जवाब में टीआरओ 11 की टीम मात्र 102 रन पर ढेर हो गई। श्री मनोज को 3 विकेट लेने और 27 रन बनाने के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। आज खेले गए अंतिम क्वार्टर फाइनल में इंजीनियरिंग वॉरियर्स व सुपर वॉरियर्स 11 की टीम आमने-सामने थी इंजीनियरिंग वॉरियर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए, विजय सिंह मीणा, शकील खान और ईश्वर आंजना की आतिशी पारियों के बदौलत 20 ओवर में रिकॉर्ड तोड़ 332 रन का स्कोर खड़ा किया। इस पारी में रिकॉर्ड तोड़ 32 छक्के लगे। जिसके जवाब में सुपर वॉरियर्स 11 की टीम मात्र 168 रन पर ही ढेर हो गई विजय सिंह मीणा को 34 बोलों पर धुआंधार 109 रन की पारी खेलने के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। कल दिनांक 15.02.2025 को प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। दूसरी ओर रस्साखींच प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विभागों की 04 टीमों ने भाग लिया जिसमें फाइनल मुकाबला इंजीनियरिंग विभाग की टीम ने जीता।

# महर्षि गौतम प्राकट्य महोत्सव पर विशाल शोभायात्रा का आयोजन 23 मार्च को

### 9 मार्च को पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यप्रकाश जोशी का कोटा में भव्य स्वागत व अभिनंदन

**जाँबाज न्यूज कोटा।** महर्षि गौतम जयंती पर निकाली जाने वाली विशाल शोभायात्रा को भव्य बनाने के उद्देश्य से आज गुर्जर गौड ब्राह्मण समिति दादाबाड़ी द्वारा कोटा के गुर्जरगौड़ ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी व सक्रिय सदस्यों की बैठक लैंडमार्क सिटी के विशालाक्षी रेजिडेन्सी में आयोजित की गई। जिसमें सभी कार्यकारिणी के अध्यक्ष, महामन्त्री व पदाधिकारी एवं शहर के गणयमान्य सदस्य शामिल हुए ।

बैठक में गौतम जयन्ती पर निकाली जाने वाली विशाल शोभायात्रा को कैसे भव्य बनाया जाए इस पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। सभी के सुझावों पर विचार विमर्श किया गया एवं सर्वसम्मति से प्रदेशाध्यक्ष विशाल शर्मा द्वारा प्रमोद गौतम को आयोजन का संयोजक घोषित किया गया। प्रमोद गौतम ने कहा कि अकेला मैं नहीं बल्कि सभी इस कार्यक्रम के संयोजक हैं और यह आयोजन हम सभी को मिलकर सफल बनाना है।

बैठक में शिक्षाविद कुंजबिहारी गौतम, प्रदेश उपाध्यक्ष जगमोहन गौतम, संजय गौतम, जितेन्द्र गौतम, एडवोकेट महेश शर्मा, डॉ. आर सी. गौतम, प्रवीण पंचौली. आर. के. शर्मा, बालचन्द फौजी, खेमराज गौतम, प्रेम गौतम, लेखराज गौतम रोहित गौतम, मोहित गौतम, हेमंत शर्मा एवं अन्य कार्यकताओं ने अपने विचार बैठक में रखे। और सभी ने शोभायात्रा को भव्य बनाने के लिए तन मन धन से जुटने का आह्वान किया।

बैठक का संचालन जिलाध्यक्ष संजय गौतम ने किया। उन्होंने आयोजन समिति द्वारा सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय से सभी को अवगत कराते हुए कहा कि हर वर्ष की भाँति इस बार भी आगामी 23 मार्च को तीन बत्ती सर्किल से दादाबाड़ी चौराहे तक विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा । इससे पूर्व 9 मार्च को दादाबाड़ी गौतम वाटिका में गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यप्रकाश जोशी का भव्य स्वागत एवं नागरिक अभिनंदन किया जाएगा ।

बैठक में श्याम बिहारी गौतम, रमेश चंद शर्मा, सत्य प्रकाश शर्मा, राजेंद्र मोहन गौतम, रामचंद्र गौतम, अजय शर्मा,राजेंद्र शर्मा, विजय गौतम, रमेश क्षोत्रीय, पंकज वत्स्य, टीकम चंद पंचोली, बी डी शर्मा, देवेंद्र आचार्य, विजय शर्मा, प्रदीप गौतम, गजानंद गौतम, केदार शर्मा, जगदीश गौतम, अनूप गौतम, राजेंद्र शर्मा, श्यामलाल शर्मा, बृजमोहन गौतम, बृजेश गौतम, राधेश्याम गौतम, देवेंद्र गौतम, श्याम शर्मा आदि समाज के सभी पदाधिकारी एवं शहर के गण्यमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

वायत्ताधिकारी स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक मुजीबुर्रहमान द्वारा खिलजी प्रिंटर्स, विशाल मार्केट, छावनी से मुद्रित होकर ''सांध्य दैनिक जांबाज पत्रिका'' कार्यालय, पंडित भवन के पीछे, छावनी, कोटा (राज.) से प्रकाशित, संपादक - अजीजुर्रहमान